समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भादरा मे कांग्रेस की 'जन चेतना पदयात्रा' का शुभारंभ, पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी ने दिया नशामुक्त और विकसित भादरा का संदेश

राजेश चौधरी

Published on 22 Jun 2026



हनुमानगढ़ जिले की भादरा विधानसभा क्षेत्र में रविवार को कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत **पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी** के नेतृत्व में **'जन चेतना पदयात्रा'** का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव जाकर आमजन से संवाद स्थापित करना, संगठन को मजबूत करना तथा समाज में जनजागरूकता का संदेश पहुंचाना है।

इस अवसर पर डॉ. सुरेश चौधरी ने कहा कि जन चेतना पदयात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक बनाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का अभियान है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से नशामुक्त, भयमुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भादरा के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

गांव-गांव पहुंचेगा जनजागरण अभियान

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत यह पदयात्रा भादरा विधानसभा के विभिन्न गांवों में पहुंचेगी, जहां आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

"नशा और नफरत भगाओ, भादरा बचाओ"

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने सामूहिक रूप से "**नशा और नफरत भगाओ, भादरा बचाओ – नस्ले बंचाओ**" का संकल्प लिया। डॉ. सुरेश चौधरी ने कहा कि समाज में बढ़ते नशे और सामाजिक वैमनस्य को समाप्त करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देकर ही क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

जनभागीदारी से बनेगा विकसित भादरा

पूर्व विधायक ने कहा कि जनता के सहयोग, युवाओं के उत्साह और कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह अभियान व्यापक जनसमर्थन प्राप्त करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जन चेतना पदयात्रा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगी और भादरा को नशामुक्त, भयमुक्त एवं विकसित बनाने के लक्ष्य को मजबूत करेगी।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.